### स्पेनिस टूरिस्ट महिला से गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार, गए जेल

# फरार चार अपराधियों की गिरफ्तारी को ले पुलिस कर रही जगह-जगह छापेमारी

## पीड़ित दंपति का न्यायालय में 164 का बयान दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**दुमका।** स्पेन के विदेशी टूरिस्ट बाईक राइडर दंपति से मारपीट, लूट और महिला से गैंगरेप मामले में हंसडीहा पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी राजन मरांडी, प्रदीप किस्कू एवं सुखलाल हेम्ब्रम है। सभी की गिरफ्तारी एक ही घर से सोए अवस्था मे पुलिस गिरफ्तार करने में सफल हुई। पुलिस मामले में थाना कांड संख्या 18/24 के तहत भादवी की धारा 395 एवं 376 डी के गिरफ्तार कर कोर्ट में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के न्यायालय में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के नेतृत्व में हंसडीहा पुलिस, मुफस्सिल पुलिस एवं महिला थाना पुलिस पीड़ित दंपति का मजिस्ट्रेट की उपस्थित में 164 का बयान दर्ज हुआ। मजिस्ट्रेट के रूप में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा प्रतिनियुक्ति रही। इधर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट के कांजो गांव घटना स्थल पर स्पेशल ब्रांच, फॉरेंसिक टीम एवं सीआईडी की टीम जांच में जुटी है। न्यायालय में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विश्वनाथ भगत समेत अन्य न्यायाधीश के समक्ष अपराधियों का पहचान परेड हुआ। न्यायिक प्रक्रिया तेजी से पूरी हो रही है। फॉरेंसिक टीम अपनी सभी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। दंपति के पति न्यायालय परिसर में बने वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से ब्राजील एवं स्पेन के एम्बेसी से ऑनलाइन बात कराया गया। हालांकि पुलिस की पकड़ से अब भी चार अपराधी दूर है। सभी आरोपी शादीशुदा है। मामले में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि एसडीपीओ, जरमुंडी संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने सफल रही। मामले को लेकर दो एसआईटी टीम गठित की गई। एक टीम अनुसंधान एवं दूसरी टीम गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। जल्द फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करने में पुलिस सफल होगी। अनुसंधान के क्रम में विदेशी दंपति से लूटा गया घड़ी, चांदी के विदेशी सिक्का एवं बांग्लादेश का डॉलर बरामद घटना स्थल के पास झाड़ियों से की। गिरफ्तार आरोपी दो एक गांव के रहने वाले है। एक और आरोपी दूसरे गांव से गिरफ्तार हुए। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी ऑटोमैटिक मोबाईल और बाइक में लगे जीपीएस की मदद से हुई। जीपीएस लोकेशन स्पेन से लॉकेट किया गया। पीड़ित महिला ब्राजील मूल की है। वह स्पेन मूल के व्यक्ति से प्रेम-प्रसंग कर की थी। यहां बता दें कि दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ गैंग रेप की घटना ने सभ्य समाज का सर शर्म से झुका दिया। दरअसल पीड़िता अपने पति के साथ बाइक से विश्व भ्रमण पर निकली है। बांग्लादेश से भारत मे प्रवेश करने के बाद दुमका के रास्ते नेपाल जा रही थी। शुक्रवार की शाम स्पेनिश दंपत्ति ने हंसडीहा थाना के कुरमाहाट में टेंट लगाकर रात्री विश्राम करने लगी। इसी बीच सात दरिंदों ने टेंट में घुसकर पति को बांध दिया। जबकि महिला को टेंट से बाहर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दरिंदों ने दंपत्ति के साथ मारपीट भी किया और विदेशी मुद्रा की भी लूटपाट किया। शुक्रवार की देर रात गस्ती पर निकली हंसडीहा थाना की पुलिस ने दंपत्ति को सड़क किनारे देखा। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के विरोध में शोशल मीडिया समेत जगह-जगह आक्रोश है। विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक एवं गैर राजनीतिक संगठन घटना की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे है। राज्य की विपक्षी पार्टियां जगह-जगह शासन एवं प्रशासन समेत राज्य के मुखिया चम्पाई सोरेन सरकार का पुतला फूंक आक्रोश व्यक्त करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने का मांग कर रहे है।

## एक नजर में

### विदेशी मूल के दंपति को डालसा प्रदान करेगी कानूनी सहायता एवं मूलभूत सुविधाएं

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा एवं सचिव उत्तम सागर राणा ने हंसडीहा थाना क्षेत्र में विदेशी मूल के दंपति के साथ घटित घटना के पीड़िता से परिसदन भवन जाकर मुलाकात कर उन्हें कानूनी सहायता एवं मूलभूत सुविधाएं प्रदान किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्राधिकार अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर प्राधिकार सचिव के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसमें सचिव एवं एलएडीसी ने व्यक्तिगत रूप से सदर अस्पताल जाकर पीड़िता से मुलाकात किया। जहां उन्हें चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उन्हें आश्वासन दिया गया कि उनकी उचित देखभाल की जाएगी और आवश्यक कानूनी सहायता भी प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में प्राधिकार अध्यक्ष ने झारखंड विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के तहत पीड़िता को प्रदान की जाने वाली मुआवजा राशि की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ कर मुकदमा चलाए जाने के बारे में भी उचित कदम उठाए जा रहा है।

### 50 किसानों को एग्रोटेक किसान मेला परिभ्रमण के लिए किया गया रांची रवाना




**पाकुड़।** रविवार को आत्मा के द्वारा सभी प्रखंड से किसानों का चयन कर कुल पचास किसानों को बस से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला 2024 में परिभ्रमण हेतु भेजा गया। किसानों एवं कृषि उद्यमियों को उन्नत कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं कृषि आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों से संबंधित उपयुक्त तकनीकों की नवीनतम जानकारी देने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची द्वारा एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन कांके विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया गया है जिसमें सभी किसान सोमवार को कृषि से नवीनतम तकनीक से संबंधित जानकारी प्राप्त करेंगे। टीम लीडर के रूप में अभिजीत कुमार शील, सहायक तकनीकी प्रबंधक को किसानों के साथ में भेजा गया।

### बाइक और मोबाइल चोरी के तीन आरोपितों की गिरफ्तारी से और भी कई राज निकलेंगे

गोड्डा। एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बाइक लूट और मोबाइल चोर के झपटमार गैंग के तीन सदस्यों को अपने कब्जे में लेने में सफलता पाई है । क्षेत्र में इस तरह की कई घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर एक टीम गठित कर इस तरह की घटनाओं पर नियंत्रण करने की कोशिश की और इस टीम में एसडीपीओ गोड्डा के नेतृत्व में डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव ,पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश मोहली , कृष्णा कुमार साहा पुअनि मुफ्फसिल थाना ,रोशन कुमार के साथ कुछ पुलिस जवान और टेक्निकल सेल के जवानों को लगाया। पिछले दिनों ग्राम सिमड्डा थाना मुफ्फसिल के नजदीक फोर लेन के निकट मोटर साइकिल की लूट अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा की गई थी और एक लड़की के हाथ से हटिया चौक के पास झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर लड़के फरार हो गए थे । दोनो घटनाओं की प्राथमिकी मुफ्फसिल थाना और नगर थाना में दर्ज कराई गई थी । घटना की जांच में एस आई टी टीम की नजर में तीन संदेहास्पद युवकों को पुलिस ने अपने हिरासत में लेकर पूछ ताछ प्रारंभ की तो अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि एक समूह बनाकर संगठित होकर हम इस तरह की लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं मोटर साइकिल लूट कर भागलपुर बिहार जाकर 10,12 हजार में बिक्री कर देते हैं पहले भी कई मोटर साइकिल इसी तरह लूट कर बेच देते हैं । उनके पास से वो मोबाइल भी बरामद की गई जो लड़की से झपट्टा मार कर छीनी गई थी ।सभी युवक 21वर्ष के हैं जिसमे 1– जोसेफ मंडल पिता सुभाष चंद्र मंडल, घर मछिया सिमड्डा थाना मुफ्फसिल गोड्डा जिला गोड्डा ,शुभम कुमार मंडल, पिता– जय प्रकाश सिंह, सोनू कुमार, पिता – चंद्र शेखर राय ,ग्राम –लाल पुर, थाना मुफ्फसिल गोड्डा को पूछताछ और सबूतों के आधार पर न्यायिक प्रक्रिया हेतु न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया । इन आपराधिक मामलों में कम उम्र के युवाओं का संलिप्त होना एक चिंता का विषय है ।

## स्पीड न्यूज

### पति ने पत्नी को किया प्रेमी के हवाले

**गुमला।** दुश्मन न करे दोस्त ने वो काम किया है जिंदगी का गम हमे इनाम दिया है.. हिंदी फिल्म का यह मशहूर गीत कामडारा प्रखंड के कुम्हारटोली निवासी संजय तोपनो के जीवन पर फीट बैठती है। क्योंकि उसने अपने जीवन संगनी का हाथ उसके प्रेम को बिना किसी तामझाम के सौंप दिया। इससे उसके दिल को जरूर गहरा अघात लगा लेकिन हृदय बड़ा कर उसने समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर दिया। क्योंकि इस कलयुग में ऐसी घटना बिरले ही मिलते हैं। ऐसी घटनाएं हमेशा जीवन लीला समाप्त कर देती है। परंतु संजय एस मिट्टी की बना हुआ है जिसकी दास्तां आजीवन जीवंत हो गई है। यह घटना पूरे गुमला जिला में सुखियों में बना हुआ है। हुआ यूं कि कामडारा प्रखंड के कुम्हारटोली निवासी संजय तोपनो की धर्मपत्नी पत्नी करमी सुरीन (एक बच्ची की मां) को एक युवक से प्रेम हो गया। जिसके बाद पति संजय ने पत्नी को उसके प्रेमी रायबा बड़काटोली निवासी संदीप बरला के सुपुर्द कर दिया।

### बच्चों में वैज्ञानिक सोच व दृष्टिकोण विकसित करना प्रदर्शनी का उद्देश्य: चंद्रशेखर

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्राइमरी स्कूल में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छोटे-छोटे बच्चों ने सोलर चलित गांव, परिवहन प्रणाली, गतिज ऊर्जा, वायुमंडलीय दबाव, प्रदूषण मुक्त ऊर्जा से लेकर गुरुत्वाकर्षण तक के विषयों को सरल भाषा में अभिभावकों को समझाया। मौके पर निदेशक चंद्र शेखर गिरी ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच और दृष्टिकोण विकसित करना है। इससे बच्चों को विज्ञान विषय में रुचि पैदा होगी और वे इसे आसानी से समझ सकते हैं। इस उम्र में किए गए कार्य भविष्य में बच्चों के लिए सहायक होते हैं और उच्च शिक्षा में भी मददगार साबित होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बचपन स्कूल शिक्षा में नवाचार लाने के लिए जाना जाता है। इसी क्रम में आगामी सत्र से प्राइमरी विद्यालय में रोबोटिक्स और प्राइमरी साइंस लैब सहित स्टेम लैब विकसित करने की योजना है।

### भालू ने मचाया आतंक

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के बरटोली लसड़ा जंगल के रास्ते में रविवार को एक लाभू ने आतंक मचा कर रख दिया। जंगल से आये एक भालू ने बरटोली निवासी संतोष साहु के बाईक को नोच कर उसके सीट फाड़ दिये। हालांकि संतोष भालू को देखकर दूर भाग गया था। वहीं उसी रास्ते में खडें बरटोली निवासी लक्ष्मण सिंह के ऑटो को भालू ने धकेल कर खाई में गिरा दिया। साथ ही ऑटो के सभी सीटों को फाड़ दिया। भालू काफी आक्रोश में नजर आ रहा था। इसी बीच एक बाईक सवार पर भालू ने हमला भी कर दिया। जिसे उसको हल्की चोट लगी। इधर भालू के आतंक से परेशानी होकर स्थानीय ग्रामीणों ने रायडीह पुलिस को सूचना दी।

### संस्था के सदस्य राहुल कुमार ने रक्तदान कर बचायी वृद्ध की जान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** सत्य सनातन संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे ने कहा कि रविवार को संस्था के सक्रिय सदस्य व शहरकोल निवासी राहुल कुमार चौरसिया छोटी अलीगंज निवासी 67 वर्षीय वृद्ध बलराम यादव को रक्तदान कर जान बचाई है , उन्होंने कहा की मरीज जिनको किड़नी की बीमारी है,जिनका रात में ही काफी तबियत खराब हो गई, परिजन ने आनन - फानन में सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी स्थित सदर अस्पताल में भर्ती किया , जहां चिकित्सकों ने रक्त चढ़ाने का सलाह दिया, परिजन ने रक्त के लिए संस्था से संपर्क किया। संस्था ने रक्त के लिए राहुल चौरसिया से संपर्क किया राहुल ने रक्त की महत्व समझते हुए पुराना अस्पताल स्थित अधिकोष में पहुंच कर अपना रक्तदान किया । रक्त मिलने के बाद मरीज के पुत्र विश्वजीत यादव ने रक्तदाता और संस्था को धन्यवाद दिया मौके पर रंजित यादव, कर्मचारी नवीन कुमार , पियूष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# गोड्डा में चोरी-छिनतई गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**गोड्डा (हि.स.)।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने रविवार को चोरी छिनतई गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जोसेफ मंडल, शुभम कुमार और सोनु कुमार शामिल हैं। सभी आरोपित गोड्डा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से छिनतई के मोबाइल समेत दो फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार विगत कुछ दिन पूर्व सिमरडा गांव के आगे फोर लाईन के पास अज्ञात अपराधियों ने एक मोटरसाईकिल, मोबाईल तथा रुपये की लूट-पाट की घटना को अंजाम दिया था। साथ ही हटिया चौक के समीप आदित्य विजन के पास एक पैदल जा रही लड़की से एक मोबाईल की छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना (कांड संख्या-05/24 और 47/24) प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के उद्भेदन के लिये गोड्डा एसपी नाथू सिंह मीणा ने एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया था। पुलिस की टीम ने घटना का उद्भेदन करते हुए जोसेफ मंडल, शुभम कुमार एवं सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों ने अपने-अपने स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया कि इनका आपराधिक गिरोह है और ये अपने सहयोगियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देते हैं। आरोपित ने गोड्डा में करीब एक दर्जन बाईक चोरी की बात भी पुलिस को बताई। गोड्डा से चोरी की बाईक भागलपुर के उल्टा पुल के नजदीक ले जाकर 10-12 हजार रुपये में बेच देता था।

### जामताड़ा पहुंचे दुमका सांसद, कहा

# सोरेन परिवार से है मेरी लड़ाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें पार्टी ने मौजूदा दुमका लोकसभा सांसद सुनील सोरेन को फिर से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाये जाने और इसकी घोषणा किये जाने के बाद सांसद सुनील सोरेन देर रात जामताड़ा पहुंचे। देर रात जामताड़ा पहुंचने पर पार्टी के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही इस खुशी में पटाखे फोड़कर जश्न मनायी गई। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि दुमका लोकसभा क्षेत्र से उनकी लड़ाई सोरेन परिवार से है। सांसद ने पार्टी द्वारा उनपर फिर से विश्वास जताने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मुद्दों पर हर गांव के विकास के लिए जो काम किया है, उसे लेकर वे हर गांव में जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी रिकॉर्ड वोटों से दुमका लोकसभा सीट से जीतेगी और दोबारा चुनाव जीतकर संसद में जायेगी। उन्होंने कहा कि एक बार फिर देश में बीजेपी की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। सांसद सुनील सोरेन ने दुमका में विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं है। जिसका परिणाम एक विदेशी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार है। सांसद ने मामले में दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की. उन्होंने कहा कि इस घटना ने देश को शर्मसार कर दिया है।

# भेलुवा नहर किनारे युवक की मिली लाश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** कुण्डहित थाना क्षेत्र के भेलुवा नहर किनारे एक लाश मिली' चरवाहे एवं ग्रामीणों की के द्वारा कुंडहित पुलिस को सूचित किया गया। कुंडहित पुलिस घटना स्थल में पहुंचकर अज्ञात लाश को कुंडहित थाना ले आई । इस दरमियान एसआई अजय कुमार राय ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतू जामताड़ा भेज दिया गया।लाश के पॉकेट से 200 रुपए और एक रेडमी मोबाइल मिला है। इस मोबाइल पर परिजनों का कॉल आया था। पुलिस के अनुसार मरने वाले व्यक्ति का नाम चिन्मय रूविदास है। जिनके घर नाला प्रखंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत अफजलपुर गांव बताया जा रहा है। बहरहाल कुण्डहित पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई हैं।

### निशिकांत दुबे को चौथी बार भाजपा प्रत्याशी बनाने पर समर्थकों में खुशी की लहर



**गोड्डा।** गोड्डा के कारगिल चौक पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं ने गोड्डा लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर निशिकांत दुबे की चौथी बार बनाए जाने के खुशी में मिठाई लड्डू लड्डू बाट कर और पटाखे छोड़कर जश्न मनाने का कार्य किया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में किया गया सभी कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद अबकी बार मोदी सरकार 400 के पार जैसे नारों से कारगिल चौक को गुंजामान किया। आज के इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे , प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अजीत सिंह , जिला महा सचिव कृष्ण कन्हैया , जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी चक्रवर्ती, जिला कोषाध्यक्ष अनिल शाह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह समाजसेवी संजीव टेकरीवाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा नेता सुभाष चंद्र यादव,बबिता मोदी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेश भगत जी, सह सोशल मीडिया प्रभारी पप्पू शर्मा, गोंडा नगर से राजेश टेकरीवाल,जीतू शर्मा, मंडल के अध्यक्ष डब्लू भगत, प्रियांशु राज , रामनरेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष आशीष यादव, मंडल महामंत्री मिथिलेश झा, सुजित दुबे, मंडल विस्तारक विश्वनाथ दास , और कई मंडल स्तर के पदाधिकारी मौजूद थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के फुलबड़ीया पंचायत अंतर्गत लिटल फ्लावर स्कूल कुसुंबा में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व दवा वितरण शिविर लगाई गई। संत लुकास अस्पताल की डॉक्टर सिस्टर करुणा केरकेट्टा की टीम के द्वारा शिविर में आए निकटवर्ती पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों और अभिभावकों का स्वास्थ्य जांच किया गया ।जरूरत के मुताबिक ब्लड, टाइफाइड,मलेरिया, निमोनिया, होमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर,डायबिटीज,नस एवं चर्म रोग आदि संबंधी जांच किया गया। सबों का बारीकी से जांच कर आवश्यकता के अनुसार सबों को मुफ्त दवाई वितरित की गई। स्कूल के सचिव फादर सिलजो ने बताया कि यह मेडिकल कैंप विद्यालय के बच्चों अभीभावको एवं आसपास के अन्य लोगों के लिए आयोजित किया गया है जिससे कि सभी स्वस्थ रह सकें और सब का विकास हो सके। बताया कि इस प्रकार का शिविर प्रतिवर्ष लगाया जाता रहा है आने वाले वर्ष में भी और विस्तार से स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे और उनके अभिभावक के साथ-साथ इलाके के ग्रामीण स्वस्थ रह सकें। जब सभी स्वस्थ रहेंगे तो निश्चित रूप से बच्चों की पढ़ाई अच्छे ढंग से होगी।

# कबड्डी प्रतियोगिता में आठ जिलों के टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** जामताड़ा गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय 17 वीं राज्यस्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दुसरे दिन आठ जिलों के टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। बताते चलें कि इस राज्यस्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 19 जिला की टीम ने कब्बड्डी में दमखम दिखाया। हालांकि बोकारो, ईस्ट सिंहभूम, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, हजारीबाग,गढ़वा, गिरिडीह ने कबड्डी के बेहतरीन दांव पेंच से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शनिवार देर शाम को क्वाटर फाइनल की प्रतियोगिता जारी थी। खबर लिखे जाने तक क्वार्टर फाइनल के परिणाम घोषित नहीं हो पाये थे। बताते चलें कि कबड्डी संघ के महासचिव विपिन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रामदास दयानंद के द्वारा खेल से पुर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुरू करवाया। बताते चलें कि रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल का आयोजन हो 17 वीं राज्यस्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हो जायेगा। इस प्रतियोगिता के दरम्यान नवनीत सोनू,आशा कुमारी, बेबी कुमारी, रोजलीन मिंज, प्रमोद कुमार, महेंद्र साहू, हैदर हुसैन, महावीर कुमार, संजय भगत, प्रियव्रत परमेश, जगदीश कुमार, आलोक कुमार,करुणा मरांडी, लीना बाउरी, प्रियंका हेंब्रम ने कबड्डी मैच के दौरान रेफरी की भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### नवाहन परायण महायज्ञ में पधारेंगे मथुरा व वाराणसी के प्रवचनकर्ता : आलोक तिवारी





**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्री रामचरित्र मानस नवाहन परायण महायज्ञ के मीडिया प्रभारी आलोक तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि रेड़मा ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में आगामी 9 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक होने वाले श्री रामचरित्र मानस नवाहन परायण महायज्ञ में रामचरित्र मानस का पाठ प्रख्यात पाठकर्ता मथुरा के मथुरानंद चतुर्वेदी जी के द्वारा सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। इसके साथ ही रात्रिकालीन प्रवचन का कार्यक्रम में प्रयाग राज के विद्वान प्रवचनकर्ता जय प्रकाश मिश्र के द्वारा रात्रि 8 : 30 बजे से 10 बजे तक एवं वाराणसी के प्रकांड विद्वान प्रवचनकर्ता डॉक्टर मदन मोहन मिश्र जी के द्वारा 10 बजे से लेकर 11:30 बजे तक किए जाने के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण का किया जायेगा। महायज्ञ समिति के मिडिया प्रभारी आलोक तिवारी ऊर्फ पिंटू तिवारी ने धर्म कर्म में आस्था रखने वाले सभी श्रद्धालुओ, धर्म प्रेमियों सज्जनों, माताओं एवं बहनों से महायज्ञ के 57 वें महाअधिवेशन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक




**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महाशिवरात्रि का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में चुनाव के शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी श्री तिवारी का थाना में बतौर थाना प्रभारी योगदान देने के बाद पहली बैठक हुई। थाना प्रभारी ने अपना परिचय देकर उपस्थित लोगों से परिचय प्राप्त किये। थाना प्रभारी श्री तिवारी ने लोगो से पुलिस को सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर एएसआई विपिन ठाकुर, मनोज टोप्पो, मुखिया अनिता देवी, पंसस ममता देवी, उदय सिंह,एन सी पी प्रखंड अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, कामेश्वर सिंह, सी बी रमण सिंह, परशुराम सिंह, पंचम खान, कैश खान, विश्वनाथ चौधरी, कृष्णा मेहता, पंकज सिंह, अजीत सिंह, रौशन, देवकी विश्वकर्मा, कयामुद्दीन खान, इबरार खान, मनोज सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, गुप्ता पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश शोभा यात्रा



**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुरमाकला गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा मुरमाकला मे स्थित पोखरा परिसर में नवनिर्मित शिव मन्दिर से चलकर पांडेपुर, मलवारिया होते हुए बांकी नदी संगम तट पर पहुंचा जहां वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। उसके बाद कलश में श्रद्धालुओं ने जल भर कर वापस शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में पहुंचकर विधिवत कलश स्थापित किया।कलशयात्रा पुरे गाजे बाजे के साथ, जय जयकार करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचा।महायज्ञ स्थल पहुंचते ही छह दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हो गई। वहीं शिव मंदिर कमिटी के अध्यक्ष, मंदिर निमार्ता सह पूर्व डीएसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुरमा कला में अयोजित महायज्ञ तीन मार्च से आठ मार्च तक चलेगा ।यह यज्ञ 108 गरुड़ध्वज स्वामी की देखरेख व उपस्थिति में हो रहा है। कलश शोभा यात्रा में आचार्य रमाकांत पाठक, बसंत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण वर्मा, साकेत पासवान , पवन पासवान ,राजा कुमार सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित




**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय पलामू क्लब में रविवार को आयोजित की गई। कार्यकर्ता सम्मेलन का उदघाटन केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण युवाओं का हक मारा जा रहा है प्रतियोगिता परीक्षा का क्वेश्चन पेपर बेच दिए जाते हैं जिसके चलते योग्य व्यक्ति पीछे रह जाते हैं व अयोग्य उम्मीदवार का चयन हो जाता है। यह बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण बालू का टेंडर नहीं हो पा रहा है आज बालू के अभाव में 70% व्यावसाय प्रभावित है। शहरी क्षेत्रों में बालू के कारण निर्माण कार्य ठप है। रोजगार के अभाव मजदूरों का भारी संख्या में पलायन हुआ है। भू माफिया प्रशासन की मिली भगत से तालाबों का अतिक्रमण कर रहे हैं । योग्य लाभुक से भी अबुआ आवास में मन माने उगाही कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण प्रजापति व धन्यवाद ज्ञापन ने किया। कार्यक्रम में मोर्चा के कई सदस्य शामिल थे।

# टिकट बीडी राम को नहीं उनके द्वारा किये विकास को मिला : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने सांसद बिष्णुदयाल राम को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू लोकसभा का टिकट बीडी राम को नहीं बल्कि उनके द्वारा किए गए क्षेत्र के विकास का आकलन कर एक विकास पुरुष को दिया है। पलामू चैंबर परिवार बीडी राम को मिले टिकट का स्वागत करता है। शंकर ने सांसद द्वारा कराई जा रही कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि जो रांची से डालटनगंज की दूरी 4 घंटे से ढाई घंटे होने जा रही एनएच फोरलेन के निर्माण को भारत सरकार से पास स्वीकृत करा कर निर्माण प्रारंभ कराने का श्रेय सांसद बीडी राम को ही जाता है। इस एनएच के निर्माण होने से जहां रास्ता सुरक्षित और सफर शानदार होगा वहीं कई राज्यों की सीमा से मेदिनीनगर शहर डायरेक्ट जुड़ जाएगा। शंकर ने कहा कि सांसद द्वारा कोयल पुल से सेट नया कोयल ब्रिज बनाने हेतु पहल की जिसका निर्माण अब शुरू होने जा रहा है। उनके द्वारा पलामू सेंट्रल स्कूल, सिगरा गांव से ग्राम चेड़ाबार और पूर्वडीहा गांव को जोड़ने हेतु बड़ा रेलवे ब्रिज निर्माण की स्वीकृति, सासाराम से रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, गढ़वा जिले में सोन वाटर लिफ्ट इरीगेशन, मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू फेस 3 हेतु आईडीबी से 160 करोड़ रुपया की स्वीकृति जैसे कई प्रमुख कार्य हैं। शंकर ने कहा कि पिछली बार लोकसभा चुनाव में धनबाद सांसद को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए थे और पलामू सांसद कुछ मतों से पीछे रह गए थे। इस बार पलामू की जनता विकास के मुद्दे पर सारा रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार है। इस बार प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए जहां 400 सीटों का लक्ष्य रखा गया है। वही पलामू से विकास पुरुष बीडी राम को सर्वाधिक मत से विजयी बनाकर यहां की जनता प्रधानमंत्री को तोहफा देगी ताकि पलामू का चौमुखी विकास अगले 5 वर्षों में हो सके।

# महायज्ञ के आयोजन से सुख, समृद्धि और शांति मिलती है : किरण मेहता

पांकी प्रखंड के ग्राम करार योगियादह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम करार योगियादह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता की धर्मपत्नी किरण मेहता शामिल हुए। मेहता ने फिता काटकर शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने पूजा कमिटी को 51000 हजार रुपए सहयोग राशि दी। महायज्ञ समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए किरण मेहता ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। यज्ञ से सुख, समृद्धि व शांति मिलती है। धार्मिक आयोजन से लोगों में भक्ति भाव व बेहतर कार्य करने का प्रेरणा मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्राम करार योगियादह शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हो जाने से लोगों को पूजा अर्चना करने में सहुलियत होगी। उन्होंने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व ज्ञान यज्ञ आयोजित करने के लिए यज्ञ समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी। यज्ञ समति के पदाधिकारियों ने बताया कि यज्ञ में 3 मार्च से 8 मार्च तक कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से यज्ञीय प्रकरण और सांय 6 बजे से पंडित विद्धानों द्वारा प्रवचन किया जायेगा। मौके पर समाजसेवी कमेश यादव, गोपाल यादव, उत्तम, अखिलेश ठाकुर, कमिटी के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष एवं पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# विष्णु दयाल राम को प्रत्याशी घोषित किये जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच मिठाई बांटकर मनाई खुशियां



**विश्रामपुर पलामू।** पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सांसद बीडी राम को तीसरी बार टिकट मिलने पर विश्रामपुर के सांसद प्रतिनिधि अनूज कुमार पांडेय सहित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न भी मनाया। इस मौके पर पांडेय ने कहा कि बीडी राम संसदीय क्षेत्र के जन जन के चहेते सबके हृदय में निवास करने वाले लोकप्रिय सांसद हैं। इनके बेहतर कार्य से संतुष्ट होकर भाजपा ने पुनः विश्वास करते हुए तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाने को लेकर टिकट दिया है। सांसद प्रतिनिधि पांडेय ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम पलामू संसदीय क्षेत्र को विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर किया है। जहां एक ओर बीडी राम संसद में पलामू की आवाज को बुलंद किया वहीं दूसरी ओर अपने दो कार्यकाल के पिछले 10 वर्ष क्षेत्र में रहकर लोगो के साथ सुख-दुःख भी साझा किया है। छोटी से छोटी समस्याओं को भी संज्ञान में आते हीं उसके समाधान को लेकर गंभीरता के साथ सार्थक प्रयास किया है। उन्होंने 10 वर्षों की उपलब्धियां भी गिनाई। संसदीय क्षेत्र में कई ट्रेनों का परिचालन, ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों का निर्माण, सिंचाई के क्षेत्र में कनहर, कोयल व सोन नदी की पानी खेतों में पहुंचाने की योजना का शिलान्यास, सिंचाई के लिए सैकड़ों डीप बोर कराना, फोरलेन का निर्माण, रेहला व गढ़वा में बाईपास सड़क निर्माण की स्वीकृति सहित कई ऐतिहासिक कार्य किए है। उनके द्वारा किए गए विकास कार्यो का लोहा तो विरोधी दल के लोग भी दबे जुबान से मानते है। विकास पुरुष की जो छवि उन्होंने बीते दस वर्षों में बनाई है वह छवि पार्टी को इस लोस चुनाव में 400 के पार की बढ़त दिलाएगा। पलामू लोकसभा सीट भारी मतों से निवर्तमान सांसद बीडी राम जीत का हैट्रिक बनाने में सफल होंगे।

### आक्रोशितों ने रविवार को कांदू मुहल्ला चौक को किया जाम

# टेकेदार की गोली मारकर हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मुहल्ला निवासी श्याम सुंदर साव को बीती रात्रि अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस समय घटी जब मृतक मुख्य बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहा था कि कांदू मुहल्ला स्थित महाबीर मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने घात लगाकर गोली मारकर भागने में सफल रहे। इसके बाद स्थानीय लोग व परिजन आनन फानन में एमएमसीएच अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को आक्रोशित लोगों ने कांदू मुहल्ला चौक काली मंदिर के समीप सड़क को जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हत्यारों को गिरफ्तार करने, घटना की सीबीआई जांच कराने, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं आश्रित परिवार को नौकरी देने तथा मृतक की पत्नी को वृद्धापेंशन, पारिवारिक लाभ व परिजनों को पूरी सुरक्षा प्रदान कराने की मांग को लेकर दोपहर एक बजे तक जामस्थल पर डंटे रहे। इस मामले पर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, सदर सीओ अमरदीप सिंह वल्होत्रा के आश्वासन पर जाम को हटाया गया। इधर इस मामले में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि हत्या मामले में पांच लोगों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि कांदू मुहल्ला के ही टनटन, तेजा शर्मा, सन्नी कुमार, चंदन कुमार व छोटा कल्लू के विरूद्ध हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। कुछ दिन पूर्व मृतक का इन लोगों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

### अबुआ आवास योजना का सत्यापन कार्य अंतिम चरण में

**पाटन पलामू (खबर मन्त्र संवाददाता)।** पाटन प्रखंड में अबुआ आवास योजना का सत्यापन का कार्य को अंतिम रूप देने में प्रखंड के सभी कर्मी जोर शोर से लगे हुए हैं। आवास कोडिनेटर शीवम कुमार जायसवाल के द्वारा प्रखंड कर्मियों के साथ लगातार देर रात तक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। यहां तक की रविवार को कार्यालय बंद होने के बावजूद आवास कोडिनेटर एवं अन्य कर्मी काम करते नजर आए कोर्डिनेटर शिवम कुमार जसवाल ने बताया कि अबुआ आवास का चयन योग्य लाभुकों को दिया जाना है जिसके तहत बारीकी से सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक कर्मियों को लाभुकों के यहां जाकर अस्थल एवं घर देखकर चयन किया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। अबुआ आवास चयन का निगरानी पाटन बीडीओ अमित झा स्वयं कर रहे हैं। साथ ही कर्मियों आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं।

### शहीद निलांबर-पीतांबर और राजा मेदिनीराय की प्रतिमा लगाने की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी

# झामुमो अपने पूर्वजों और शहीदों का सम्मान करती है : राजेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

झामूमो जिलाध्यक्ष ने किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर।** संविधान बचाओ मोर्चा द्वारा शहीद निलांबर-पीताम्बर और राजा मेदनीराय की प्रतिमा लगाने की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई। स्थानीय शिवाजी मैदान में रविवार को पारंपरिक आदिवासी तौर तरीके से पूजा भी किया गया। झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने शिलापट का अनावरण कर और ईंट दान कर शिलान्यास किया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि झामुमो आंदोलन और शहीदों की पार्टी है, झामुमो अपने पूर्वजों और शहीदों का सम्मान करना जानती है। हमारा शुरू से प्रयास रहा है की सबों को उचित सम्मान मिले, इसके हम पहले भी कई लड़ाई लड़े हैं और जीते भी हैं।

हेमंत सोरेन आज भी झारखंड के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग पर शिवाजी मैदान में वीर शिवाजी की भी प्रतिमा स्थापित की जायेगी। संविधान बचाओ संघर्ष मोर्चा के अजय सिंह चेरो, सुनील सिंह और उनके साथियों ने झामुमो के अध्यक्ष को उनके संघर्ष में साथ देने के लिए और प्रतिमा स्थापित के प्रयास को सफल बनाने के लिए बधाई दी। साथ ही केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी सबों को संबोधित किया। मौके पर सचिव सन्नू सिद्दिकी, हाजी ललन, ललन चौधरी, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, मुकेश चौधरी, देवानंद भारद्वाज, सैयद फैजल के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पड़वा थाना क्षेत्र में नहीं रूक रही है चोरी की घटनायें, सेंधमारी कर मोबाइल दुकान से चोरी



**पड़वा पलामू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पड़वा के जेवर दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस उदभेदन भी नहीं कर पाई इसी बीच चोरों ने चोरी की दो दो घटनाओं को अंजाम दिया। हालांकि शुक्रवार की रात लोहड़ा स्थित किसान भवन में हुई चोरी की घटना का उदभेदन करते हुए चोरी के सामान के तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चोरों ने शनिवार को मानआहर मे नीतीश मोबाइल शॉप में सेंधमारी कर 45 हजार नगद सहित आधा दर्जन जिओ फोन, मेमोरी कार्ड व हेडफोन चुरा लिया। इसकी लिखित सूचना दुकान के प्रोपराइटर नीतीश कुमार ने पड़वा थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना के एएसआई अशोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन किया। मालूम हो कि चोरों ने दुकान के बगल के गली में ताला तोड़ कर अंदर कमरा में दुकान के पिछे से ईंट तोड़ कर अंदर घुस चोरी की घटना को अंजाम दिया। पड़वा थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी राजेश कुमार यादव ने बताया कि दुकानदार के आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है चोरों को पकड़ने के लिए छानबीन की जा रही है। पड़वा थाना क्षेत्र में बढ़ते चोरी की घटना से व्यवसायियों में काफी दहशत का माहौल है। व्यवसायियों का कहना है कि पड़वा के लक्ष्मी ज्वेलर्स में हुई चोरी के घटना के बाद सुबह में रास्ते से जा रही हैं एसपी रीष्मा रमेशन को स्थानीय लोगों ने रोका था। जिसके बाद एसपी ने घटनास्थल का जायजा लेने के व्यवसायियों को आशवस्त किया था कि जल्द ही घटना का उदभेदन कर लिया जाएगा। लेकिन लगभग दो माह के बाद दो दो जेवर दुकानों में हुई चोरी की घटनाओं का उदभेदन नहीं होना पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़ा होने लगा है।

### अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन कब्रिस्तान की जमीन पर पुल निर्माण का आरोप

**पाटन पलामू।** अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत अंतर्गत ग्राम नवादा जंघासी में मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान के जमीन पर पुल निर्माण कराने का आरोप लगाया है। रमजान अंसारी समेत कई लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त से कहा कि पाटन प्रखंड के पंचायत सगुना व जंघासी के ग्राम नवादा में संवेदक के द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर पुल निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू द्वारा निविदा के माध्यम से पुल बन रहा है। कहा कि मुस्लिम समुदाय के पूर्वजों से दफन कब्रिस्तान में करते आ रहे हैं। संवेदक भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष ज्योति पांडेय हमलोगों पर दबाव बनाकर कार्य करा रहे हैं। किसी भी समय कब्रिस्तान चहार दीवारी को तोड़कर पुल का निर्माण करने से सांप्रदायिक घटना हो सकती है। लोगों ने पंचायत प्रतिनिधि को भी इसकी जानकारी दी है लेकिन कुभी नहीं किया गया। लोगों ने उपायुक्त से पुल निर्माण रोकवाकर मुस्लिम समुदाय के रैयती कब्रिस्तान को बचाया जाये ताकि शांति भंग नहीं हो सके।

# लॉयन्स क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने किया तीन दिवसीय योग शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लाइंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने शरीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन रविवार को किया। योग शिविर स्थानीय पुलिस लाइन रोड़ स्थित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में किया गया। जिसमें लॉयन्स क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्यों के अलावा समाज के लोगों ने बढ चढ़ कर भाग लिया। शिविर के पहले दिन पतंजलि परिवार के सदस्यों और ट्रेनर ने योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया और योग करवाया। कई आसनों और प्राणायामों के माध्यम से दैनिक जीवन में होने वाली बीमारियों को दूर करने के उपाय समझाए गए। लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि यह योग शिविर 5 मार्च तक चलेगा। शिविर में डॉ गौरव विशाल, डॉ अमित कुमार, डॉ अभय कुमार, राघवेंद्र नारायण सिंह, सुमित पाठक, नवीन पांडे, ऋषिकेश दुबे, संतोष नारायण, टिल्लू बाबू, अनुराधा, श्वेता सिंहा, रणजीत मिश्रा, राजीव शरण समेत कई लोग शामिल थे।

### मिशन समृद्धि संस्था ने जरूरतमंदों के बीच किया भोजन वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के सदस्यों का निःस्वार्थ सेवा प्रेम अद्भुत है। किसी कारणवश कुछ सदस्यों की अनुपस्थित रहने पर परेशानी जरूर होती है लेकिन कार्य रुकता नहीं है। इसके लिए मेदिनीनगर और अन्य प्रदेशों के नागरिकों का योगदान सराहनीय है। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि भोजन के लिए सबसे शुद्ध पत्तल ही है जो स्वास्थ के लिए भी सही माना जाता है लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तरह तरह के प्लेट इस्तेमाल किया जा रहा है जो स्वास्थ के लिए हानिकारक है। इस परिस्थिति में बहुत ही कम आमदनी में दोना पत्तल बनाने वाले पारम्परिक हूनर को जिंदा रखने वाले ये सभी लोगों का बड़ा योगदान है। इस कार्य के लिए बैजन्ती गुप्ता, शिल्पा गोस्वामी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, ऋषि कुमार योगदान रहा।

# पथरा पंचायत सचिवालय ने नल जल योजना का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### मुखिया ने जलसहिया व स्वास्थ्य साहिया को दिया प्रशिक्षण

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के पथरा पंचायत सचिवालय में भारत सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत पथरा में जल सहिया व स्वास्थ्य साहिया को दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस सबन्ध में मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि यह दो दिवसीय प्रशिक्षण में जल को कैसे संरक्षण करना हैं एवं आने वाले समय मे तेजी से ग्लोबल वार्मिंग चेंगिज से मानव सभ्यता पर पड़ने वाले असर और शुद्ध जल की आवश्यकताओं पर विधिवत प्रकाश डाला गया। साथ ही सरकार इस महत्वकांक्षी योजनाओं को जनता में क्रियान्वयन को लेकर जल साहिया व स्वास्थ्य सहियाओं की एक कमिटी बनी। मौके पर जिला से आए मास्टर ट्रेनर, प्रभात कुमार ने दो दिनों से पंचायत भवन में प्रशिक्षण दिया। मौके पर उपमुखिया कुसुम देवी, सभी जलसाहिया, सेविका स्वस्थ सहिया व वीडब्ल्यू एससी के सदस्य लोग मौजूद थे।

# शिव शक्ति से ही संपूर्ण सृष्टि है : लवली गुप्ता



**पांकी पलामू।** पांकी करार में योगियादह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ समारोह के अवसर पर समाजसेवी किरण मेहता व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता व ने विधिवत रूप से मंदिर में पूजा अर्चना कर मंत्र उच्चरित व पूजित कलश को लेकर सोनरे नदी का पावन जल भर कर यज्ञ का शुभारंभ किया। मौके पर संबोधित करते हुए श्रीमती लवली ने कहा कि शिव शक्ति से ही संपूर्ण सृष्टि है। शिव ही शक्ति है, शिव ही भक्ति है, शिव ही नियती है, शिव बैरागी है, शिव आदि शक्ति है। शिव से ही संपूर्ण ब्रह्मांड है। शिव पुरूष के प्रतीक है और शक्ति स्वरूप देवी मां पार्वती प्रकृति की। भगवान शिव के पूजा से समस्त मनोकामना की प्राप्ति होती है। वही शिवप्रिया पार्वती के पूजा से सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यज्ञ व पूजन से करार ग्राम पूरा भक्तिमय हो गया है। उन्होंने पूजा में बढ़ चढ़कर लोगों से भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर मुखिया मीना देवी, उपमुखिया संतोष गुप्ता, समाज सेवी उत्तम गुप्ता, राकेश गुप्ता, अखिलेश ठाकुर, बैजनाथ गुप्ता, रितेश गुप्ता बसंत सिंह, अनिल गुप्ता सहित सैकड़ो के संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमकार पाठक ने किया। वहीं पूजा अवध बिहारी मिश्रा जी महावीर मिश्रा जी व जयशंकर मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ।

### पाटन प्रखंड कृषि भवन में 143 किसानों के बीच मुंग का वितरण

# किसान मूंग की खेती कर अपनी आय बढ़ायें : बीडीओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित कुमार झा के उपस्थिति में पाटन प्रखंड कृषि भवन में बीटीम अभिमन्यु कुमार गुप्ता ने 143 किसानों के बीच मुंग का वितरण किया। इस मौके पर पाटन कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार भी उपस्थित थे। मुंग के बीज का वितरण पाटन प्रखंड के राजहरा पंचायत सगुना पंचायत एवं मेराल पंचायत के किसानों के बीच किया गया। मौके पर पाटन बीडीओ ने मुंग का वितरण करते हुए कहा कि किसानों को सरकार के द्वारा निःशुल्क बीज समय समय पर दिया जा रहा है। किसान इसका लाभ लेकर अच्छे तरीके से खेती करें और अपनी आय को बढ़ाने का काम करें। किसान कम पानी वाले फसल की खेती करें। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती करने में हरसंभव सहयोग किया जायेगा।

वहीं बीटीम अभिमन्यु कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक किसान को रजिस्ट्रेशन कर प्रति किसान चार चार किलो मुंग दिया जा रहा है। इधर मुंग पाकर किसानों में खुशी देखा गया।

स्पीड न्यूज

## शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिए नहीं होती: जिप उपाध्यक्ष

**सिमरिया।** प्रखंड क्षेत्र के दाडी गगांव स्थित बाल विकास विद्यालय का 10वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिप सदस्य रोहिणी देवी, मुखिया अनीता कुमारी, प्रधानाचार्य रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों के आगमन पर स्कूल के संचालक मो. सशीम द्वारा एव छात्र छात्राओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि बिना शिक्षा के देश का विकास संभव नहीं है। शिक्षा से ही मनुष्य का चारित्रिक विकास होता है। जिससे देश की उन्नति होती है।शिक्षा सिर्फ नौकरी व पैसा कमाने का माध्यम नहीं है बल्कि सुदृष्टि समाज का निर्माण भी करता है। इस दौरान ज़िप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने विधालय को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा हेतु एक कंप्यूटर भेंट किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## बिजली के तार गिरने से दो भैंसों की मौत

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बैरियाचक गांव में 11 हजार केवी बिजली लाइन का तार टूट गया। इसकी चपेट में आने से दो भैंस की मौत हो गई। इस घटना में चरवाहे की जान बाल-बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम प्रवेश गंझू रोज की तरह सुबह खेत में भैंस चरा रहा था। इसी दौरान 11 हजार वोल्ट की तार टूट कर भैंस पर गिर गया। तार की चपेट में आने से दोनों मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद किसान राम प्रवेश गंझू ने बिजली विभाग के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए मुआवजे की मांग की है। मुखिया ने गरीब किसान को भैंस का मुआवजा देने की मांग की है।

## संध्या चौपाल कर मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के सभी मतदान केन्द्रों के अंतर्गत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। संध्या चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं ने नैतिक मतदान की शपथ ली। मतदाताओं ने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें की शपथ ली।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत, एक गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग स्थित ग्राम दशारो शिव मंदिर के समीप रविवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी वहीं दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार शाम 4:15 की बताई जा रही है। दोनों की पहचान ग्राम दशारो निवासी मृतक 44 वर्षीय कालेश्वर सिंह पिता स्व. बैजनाथ महतो व 25 वर्षीय मो. सलीम अंसारी पिता इस्लाम अंसारी के रूप में की गयी है। घायल की गंभीर अवस्था को देखते हुए सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची, इसी बीच क्षेत्र भ्रमण से लौट रही विधायक डा नीरा यादव भी घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया व जाम को समाप्त करवाई। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने वाली ताकतों के सामने झुकने से हेमंत ने किया इनकार : मिथिलेश

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया 93 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गढ़वा आगमण के दौरान 93 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में सात करोड़ रूपये की लागत से कल्याणपुर में निर्मित नया समाहरणालय भवन, 15 करोड़ रूपये की लागत से बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, चार करोड़ रूपये की लागत से सोनपुरवा में निर्मित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रूपये की लागत से निर्मित फुटबॉल स्टेडियम तथा गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रूपये की लागत से निर्मित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान समाहरणालय परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण, समाहरणालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण, टाउन हॉल परिसर में स्थापित शहीद नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस दौरान रंका मोड़, घंटा घर के समीप इंदिरा गांधी पार्क में स्थापित इंदिरा गांधी की प्रतिमा, सहिजना मोड़ पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से गढ़वा नहीं पहुंच सके। अंततः सड़क मार्ग से करीब 4:30 बजे गढ़वा पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सभी योजनाओं का उद्घाटन किया। देर हो जाने के कारण सिर्फ स्टेडियम नहीं पहुंच सके और न ही मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित कर सके। वे हवाई मार्ग से वापस रांची चले गये। गढ़वा आगमन पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर टाउन हॉल के मैदान में आयोजित जनसभा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास गढ़वा एवं पलामू प्रमंडल के लिए विशेष सोच थी। सरकार बनते ही उन्होंने गढ़वा को 20 से 22 घंटा बिजली उपलब्ध कराया। आज उन्ही की देन है कि गढ़वा में 93 करोड़ रूपये की लागत से बनी पांच बड़ी योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया।



उद्घाटन करते मुख्यमंत्री

**मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी खराब मौसम के बावजूद :** मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ विजय कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, दीपमाला, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, दिलीप गुप्ता, चंदन पासवान, आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के चंद्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, डॉ. अनपूर्णा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य द्वार पर स्टील गेट बनवाकर दान देने वाले श्री राम जन्म सोनी अपने धर्म पत्नी ललिता देवी के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ के गेट पर पूजन वर्षगांठ के शुभ अवसर पर किया गया।

## जेएसएमडीसी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने डॉ. नीरा के प्रति किया आभार प्रकट

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सरकार के अपेक्षा पूर्ण व उदासीन रवैया से जेएसएमडीसी के दैनिक भोगी कर्मियों ने विधायक आवास पहुंच कर उन्हें न्यवाद दिया। नियमितीकरण आदेश के अनुरूप उन सभी कर्मियों को लाभ से वंचित किया गया है। निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के द्वारा कई बार सरकार से गुहार लगाया, लेकिन अभी तक इसपर कोई पहल नहीं किया गया। कर्मियों ने बताया 2009 में न्यायालय का एक आदेश जारी हुआ था कि इस विभाग में कार्यरत 20 से 25 वर्ष तक जिनकी सेवा हो गई है उन्हे नियमितीकरण किया जाय।



## चोरी गया हाईवा बरामद, चोर गिरफ्तार

**सिमरिया।** सिमरिया पुलिस ने मुरवे नो एंट्री बैरियर के समीप से चोरी गए हाईवा को चौबीस घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। पुलिस ने हाईवा के साथ एक चोर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर सदर थाना क्षेत्र के आरा निवासी मो. अनसारुल है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने बताया कि सिमरिया चौक के व्यवसायी रामनारायण सिंह ने सिमरिया थाना को हाईवे चोरी जाने की सूचना दर्ज कराई थी। सूचना के आलोक में एक टीम गठित कर अनुसंधान किया जा रहा था।

## महाकाल की झांकी के साथ किया गया रोड शो



रोड शो में शामिल कलाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में आयोजित मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा पांच बड़ी योजनाओं के उद्घाटन के पूर्व संध्या पर रोड शो का आयोजन किया गया। शनिवार की संध्या सात बजे उज्जैन के कलाकारों ने महाकाल की झांकी के साथ रोड शो किया। इस झांकी में बनारस का बैंड एवं रामगढ़ का ताषा पार्टी शामिल हुई। शहर के सोनपुरवा स्थित बस स्टैंड से भव्य झांकी निकाली गई। मझिआंव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए टाउन हॉल के मैदान में पहुंचकर समाप्त हो गई। इस दौरान मझिआंव मोड़, गढ़देवी मोड़ एवं रंका मोड़ पर उज्जैन के कलाकारों की टीम ने महाकाल की शादी सहित कई अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने महाकाल की झांकी का लुफ्त उठाया।

मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, चंदन पासवान, दिव्य प्रकाश केशरी, आशीष अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, चंदा देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## टोटो से नप के नाम पर हो रही अवैध चुंगी वसूली

**झुमरितेलैया (कोडरमा)।** आम आदमी पार्टी का चेतावनी मार्च पार्टी जिलाध्यक्ष दामोदर यादव के नेतृत्व में निकाला गया। यह मार्च सुभाष चौक से शुरु हुआ और महाराणा प्रताप चौक होते हुए फिर से सुभाष चौक पहुंच कर समाप्त हुआ। मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय मौजूद थे। टोटो चालको ने विशाल रैली का आयोजन किया था। रैली में कार्यपालक अभियंता होश में आओ, एक टोटो से पांच चुंगी नही चलेगा, एक चुंगी से पांच चुंगी तेरी गुंडागर्दी है, टोटो चालको को सताना बंद करो, भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ जैसे नारे लगाए गए।

## पलामू की जनता बीडी राम को पुन: रिकार्ड मतों से दिलायेगी जीत : अलखनाथ पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पलामू लोकसभा संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी के रूप में पलामू के वर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम को पुनः प्रत्याशी घोषित करने पर गढ़वा जिला भाजपाईयों ने श्री राम को बधाई देते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभर व्यक्त किया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को देर शाम शहर के रंका मोड़ पर मिठाईयां बांटी एवं खूब आतिशबाजी की। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, नगर मंडल सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में रंका मोड़ पर भाजपा समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। मौके पर अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पलामू की जनता बीडी राम को पुनः रिकर्ड मतों से जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करेगी।

उन्होंने कहा कि सांसद श्री राम ने पिछले 10 वर्षों से पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में चौतरफा विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों और सांसद के पहल से पलामू की जनता में काफी खुशी है। यहां की जनता पुनः श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित है। मौके पर मुख्य रूप से अलखनाथ पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजपा नेता सिद्धेश्वर उपाध्याय, संजय ठाकुर, गौरी बिंद, मनीष गुप्ता, आशीष कश्यप, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्र, उदय मेहता, मुकेश चौबे, अनिल कुमार, संतोष कश्यप, अनवर शाह, संतोष ठाकुर, रविंद्र यादव, सनी कुमार, दौलत सिंह, गौरव जायसवाल, रुपेश गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



जश्न मनाते भाजपाई

## पलामू लोकसभा से तीसरी बार बीडी राम को टिकट मिलने पर भाजपाइयों में हर्ष

**कांडी।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र से विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम को तीसरी बार मौका देने को लेकर भाजपाइयों में जश्न का माहौल है। तीसरी बार लोकसभा में बीडी राम को चयन के बाद भाजपा के मंडल कार्यालय कांडी प्रखंड के लमारी कला में रविवार को संतोष सिंह के नेतृत्व में उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने भारत के यशस्वी प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अयक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार प्रकट करते हुए माननीय सांसद सह आगामी लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी बीडी राम को ढेरों शुभकामनाएं दी। मंडल कार्यालय में उपस्थित ओबीसी मोर्चा के कांडी मंडल अध्यक्ष रामजन्म प्रसाद गुप्ता आदि ने प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया।

## मोदी सरकार को उखाड़ फेकने के आह्वान के साथ सीटू का जिला सम्मेलन संपन्न

### 21 सदस्यीय जिला कमिटी में प्रेम प्रकाश जिलाध्यक्ष व रमेश प्रजापति बने महासचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मजदूर आंदोलन का अगुआ संगठन सेंटर अफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का प्रथम जिला सम्मेलन कमरेड वासुदेव आचार्य नगर, साहु भवन झुमरीतिलैया में मोदी सरकार को उखाड़ फेकने के आह्वान के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश, महेन्द्र तुरी और वर्षा रानी की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया। सर्वप्रथम निर्माण यूनियन के वयोवृद्ध सदस्य महेन्द्र तुरी ने सीटू का लाल झंडा फहराया और उपस्थित लोगों ने शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया, जहां मजदूरों के खुन से रंगा लाल झंडा को लाल सलाम, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे आदि गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे। वहीं स्वागत समित के अध्यक्ष असीम सरकार ने स्वागत भाषण किया। जिसके बाद सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन करते हुए सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव ने कहा कि हिन्दुस्तान को भारत का मजदूर और किसान ने बनाया है, लेकिन आज उसी पर सरकार की नीतियों से हमला हो रहा है, देश का मजदूर इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और इस मजदूर किसान विरोधी सरकार को आगामी चुनाव में सत्ता से बाहर कर देगा। वहीं राज्य कोषाध्यक्ष अनिर्वान बोस ने कहा कि झारखंड का मदर इंडस्ट्री एचईसी जिसके चन्द्रयान 3 की लन्चिंग पैड बनाया था। जिसके मजदूरों को पिछले 19 महीनों से वेतन नहीं मिला है। वहां के मजदूर भूखे मर रहे हैं, लेकिन केन्द्र सरकार एचईसी को खत्म करने पर तुली हुई है। सीटू एचईसी बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। वहीं सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदलकर मजदूरों को गुलाम बनाया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन भाजपानीत मोदी सरकार के द्वारा निजीकरण के रास्ते इसे लगातार खत्म किया जा रहा है। नोटबंदी और जीएसटी लाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया है। कीमतों में भारी वृद्धि के कारण महंगाई से आमलोगों का जीना मुश्किल हो गया है। समान काम का समान वेतन के लिए संघर्ष और संगठन को मजबूत करना होगा। वहीं सम्मेलन को आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शशि कुमार पांडेय, बीजीभीएस के जिलाध्यक्ष रामरतन अवया ने भी सम्बोधित किया।




एक नजर में

## गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गिद्धौर।** थाना को मिली गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश अनुसार एक युवक को शनिवार को गिरफ्तार कर रविवार सुबह जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक का नाम राजेंद्र दांगी के पुत्र दीपक कुमार 25 वर्ष है।

## गिद्धौर प्रीमियर लीग को लेकर हुई बैठक, अध्यक्ष बने प्रेम सचिव निरंजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को गिद्धौर प्रीमियर लीग क्रिकेट खेल आयोजन हेतु बैठक किया गया। बैठक में खेल प्रेमियों से संबंधित जुड़े लोग उपस्थित हुए। जहां सर्व समिति से खेल को संचालित करने के लिए अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा को चयन किया गया एवं सचिव निरंजन कुमार दांगी को चयन किया गया। एवं अन्य सदस्य इस बैठक में टीम में सम्मिलित हुए। मौके पर देवदीप कुमार राहुल कुमार सोनू सिंह विकास कुमार सुमित कुमार भोला कुमार संतु कुमार आशुरंजन कुमार उपस्थित थे।

## उपायुक्त अबु इमरान का हुआ तबादला, रमेश घोलप बने चतरा के नए डीसी

**चतरा।** चतरा के नए उपायुक्त के रूप में घोलप रमेश गोरख का पदस्थापन हुआ है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 के अधिकारी है। इससे पहले वे झारखंड वित्त विभाग, संयुक्त सचिव थे। आईएएस रमेश घोलप महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के रहने वाले हैं। वैसे तो चतरा में नक्सल की समस्या अब बहुत हद तक कम हो गई है। लेकिन पोस्ता रूपी मौत की खेती यहां पर काफी तेजी से पनप रही है। पोस्ता की खेती पर अंकुश लगाना डीसी और एसपी के लिए बड़ी चुनौतीपूर्ण होती है। यहां पर साधन और सुविधाओं का बहुत अभाव है। अधिकारियों की कमी है। स्वास्थ्य की बदतर स्थिति है। इस प्रकार देखा जाए तो एक साथ उनके लिए कई चुनौतियां हैं। स्थानांतरित उपायुक्त अबु इमरान का कार्यकाल काफी सफल रहा है। नए उपायुक्त घोलप रमेश गोरख बुधवार तक यहां योगदान दे सकते है। वे स्थानांतरित उपायुक्त अबु इमरान से पदभार ग्रहण करेंगे। उपायुक्त चतरा के पद पर स्थापित आबू इमरान को स्थानांतरित करते हुए प्रबंध निदेशक या झारखंड मेडिकल और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची का पद पर नियुक्त किया गया है। आबू इमरान अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कार्यपालक निदेशक झारखंड राज्य आरोग्य समिति रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

## चतरा सीट पर संशय बरकरार, चर्चाओं का दौर शुरू, चक्कर काट रहे दावेदार

**चतरा।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड के 14 में से 11 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। हालांकि, भाजपा ने चतरा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। यहां को लेकर संशय बना हुआ है। 2019 में भाजपा ने नामांकन दाखिल होने के अंतिम तिथि से तीन चार दिन पहले प्रत्याशी की घोषणा की थी। इस बार भी यह पुनरावृत्ति हो सकती है। भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद चतरा सुरक्षित सीट पर संशय की स्थिति बन गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने नामांकन दाखिल होने की अंतिम तिथि से तीन चार दिन पहले ही सांसद सुनील कुमार सिंह को दोबारा प्रत्याशी बनाकर सबको चौका दिया था। इस बार भी पहली सूची में चतरा सीट प्रत्याशी घोषित नहीं होने से कयास और चचाओं का दौर शुरू हो गया है। इस सीट पर टिकट मांगने वालों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। स्थानीय के साथ साथ बाहरी दावेदार भी टिकट के लिए प्रयासरत है। दावेदार पैरवी कर संगठन के पदाधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

## बीआरपी-सीआरपी संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**गढ़वा।** बीआरपी-सीआरपी, एसएस संघ गढ़वा के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को गढ़वा आगमने के दौरान मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में बीआरपी सीआरपी का सेवा शर्त नियमावली अविलंब आगामी कैबिनेट से पास करते हुए लागू करने की मांग की गई है। सौंपे गये मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि बीआरपी सीआरपी सेवा शर्त नियमावली के लिए गठित विभागीय समिति की अनुशंसा के कई माह बीत जाने के बावजूद अब तक लागू नहीं किया गया है, इससे बीआरपी सीआरपी काफी हताष एवं निराश हो गये हैं। जबकि सहायक अध्यापक, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं, मॉडल स्कूलों के शिक्षकों, प्रखंड में कार्यरत बीपीओ, लेखापाल सभी के मानदेय में वृद्धि की जा चुकी है। बीआरपी सीआरपी को काफी अल्प मानदेय मिलता है। सौंपे गये आवेदन में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए यथाषीघ्र बीआरपी सीआरपी नियमावली लागू करने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार चौबे, जिलाध्यक्ष मनदीप राम, चंद्रशेखर दूबे, मनोहर चौबे, संतोष कुमार पाठक, दिलीप यादव, पवन कुमार गिरि, संजय पाठक आदि का नाम शामिल है।

## कोणमंडरा में ट्रांसफार्मर चोरी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोणमंडरा गांव में बिजली ट्रांसफार्मर चोरी करने वाली गैंग इन दिनों सक्रिय है। शनिवार रात को थाना क्षेत्र के कोणमंडरा गांव के दुबे टोला में एक ट्रांसफार्मर चोर चुरा ले गए। रविवार को सुबह ट्रांसफर चोरी होने का पता ग्रामीणों को चला। स्थानीय ग्रामीण सचिन्द्र दुबे, शशि दुबे, अनिल दुबे, नीलकमल दुबे, उदय दुबे ने बताया कि दुबे टोला में 16 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। सुबह हमलोगों को पता चला, कुछ दिन पूर्व भी चोरो द्वारा राजेंद्र यादव के घर के पास लगा ट्रांसफार्मर की भी चोरी हो चुका है। इस चोरी की घटना की जनकारी सब स्टेशन कि कर्मचारियों को भी दी गई थी। लेकिन घटना की प्राथमिक की दर्ज बिजली विभाग द्वारा नहीं कराई गयी। जिससे चोरो का हौसला बुलंद हो गया और रविवार को दुबे टोला का भी ट्रांसफार्मर चोरी कर ली गई। ऐसे में ट्रांसफर चोरी होने से सरकार और विभाग को बड़ा नुकसान हो रहा है। चोरी बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर खेत में ही ट्रांसफार्मर से कीमती सामान कपर, तेल और अन्य सामान निकाल कर ले जाते हैं और ट्रांसफार्मर के खोल को खेत में ही फेककर चले जाते हैं।

## शिव मंदिर व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर तीन स्थित महथाडीह नीचे टोला में बने नव निर्मित शिव मंदिर व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के सात दिवसीय महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक डा. नीरा यादव शामिल हुईं। इस दौरान विधायक नीरा यादव ने कहा कि इस तरह यज्ञ के आयोजन होने से वातावरण शुद्ध व भक्ति का उल्लास बढ़ता है। कलश यात्रा महथाडीह से श्री राम चौक, ढाब रोड, शहीद चौक, कोठियाराबर, हाई स्कूल, ब्लॉक रोड होते हुए उत्तर वाहिनी कूपाय नदी से जल भरकर, दुरोडीह, नवाअहरा होते हुए पुनः महथाडीह यज्ञ स्थल पर पहुंचकर समाप्त किया गया। इस दौरान पूरा डोमचांच भक्ति की रंग में डूबे हुए नजर आए। वहीं यज्ञ के दूसरे दिन 4 मार्च को मंडप प्रवेश, 5 को सर्व देव पूजन, 6 को नगर भ्रमण, 7 को प्राण प्रतिष्ठा, 8 को शिवरात्रि पूजा, 9 को महाप्रसाद खिंचड़ी वितरण के साथ समापन एवं प्रतिदिन रात्रि में प्रवचन कथावाचिका सावी मानस एवं आचार्य सचिदानंद पाण्डेय द्वारा किया जाएगा।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के सिजों पंचायत स्थित बनखेता गांव में दिन रविवार के सुबह एक युवक का शव पेड़ में फांसी के फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया है। मृतक युवक का पहचान मनजीत सिंह पिता करीमन सिंह घर बनखेता के रूप में की गई है। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी मनिका थाना प्रभारी प्रदीप कुमार साव को दी गई जिसके तुरंत बाद ही थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टपार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन शनिवार को मनजीत सिंह गांव के ही राजदेव सिंह के घर में हो रहे शादी समारोह में गया हुआ था। वहीं सिंजो पंचायत के मुखिया पति सहायक सिंह ने बताया कि मनजीत सिंह को शादी घर में रात्रि 11:00 तक देखा गया था इसके बाद सुबह में ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटकते देखा।

## विधायक ने बरवाडीह को अनुमंडल और छिपादोहर को प्रखंड बनाने की उठाई मांग

# सभी अर्हताओं को पूरा करता है बरवाडीह : रामचंद्र सिंह

- लोगों के पलायन का मुख्य कारण बना है इको सेंसिटिव जोन
- विद्युतीकरण योजना में खानापूर्ति होने से आज भी अंधेरे में है कई गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सदन में सवाल करते विधायक।

### मुख्यमंत्री उज्ज्वल योजना से रौशन होगा सुदूर इलाके

विधायक ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सभी प्रखंडों अंतर्गत सुदूर ग्रामों में विद्युतीकरण योजना अंतर्गत पूर्व में लगे 10 और 25 केवीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 63 केवीए और शहरी क्षेत्रों में बढ़ते लोड के कारण 100 या 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की हैं। सरकार की ऊर्जा विभाग ने इसके जवाब में आवश्यक कारवाई का आश्वासन दिया तथा बताया कि आवश्यकतानुसार ट्रांसफर को बदला गया है और वर्तमान में हमारे पास ट्रांसफार्मर उपलब्ध है। इसके अलावा विधायक ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि कई गांव में बिजली पहुंचाने में एजेंसियों द्वारा खानापूर्ति की गई है। जिसके कारण आज भी कई क्षेत्रों में विद्युत की समस्या है। जिसमें विभाग के द्वारा बताया गया कि वैसे इलाके में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखण्ड योजना के तहत विद्युतीकरण हेतु निगम के द्वारा निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिस टोलों में विद्युतीकरण कार्य में कठिनाई है, वहां जेरेडा के माध्यम से सोलर द्वारा बिजली पहुंचाने की प्रक्रिया की जा रही है।

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान शनिवार को गैर सरकारी संकल्प के तहत मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वन क्षेत्र में घोषित ईको सेंसिटिव जोन की परिधि को कम करने की मांग को सदन में उठाया है। विधायक ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेतला राष्ट्रीय उद्यान, पलामू वन्य प्राणी आश्रयणी एवं महुआडांड आश्रयणी के वैसे भाग जो इको सेंसिटिव जोन घोषित है। इसकी परिधि में किसी तरह का प्रदूषण युक्त कार्य अथवा व्यापार बाधित है, जिसके कारण यहां के लोग मात्र कृषि एवं मजदूरी पर आश्रित है, और लोगों के पलायन का यह मुख्य कारण है। इसलिए, स्थानीय लोगों के जीविकोपार्जन हेतु इस क्षेत्र में पर्यटन, कृषि, सिंचाई, गृह उद्योग आधारित कार्य इत्यादि विशेष पैकेज के तहत मुहैया कराया जाए। उन्होंने नियमानुकूल इको सेंसिटिव जोन के परिधि क्षेत्र को कम करने की मांग की। सरकार की ओर से बताया गया कि वन्यप्राणी संरक्षण एवं स्थानीय लोगों के हितों को ध्यान में रखकर इसका दायरा अधिकतम 7 किमी अधिसूचित की गई है। इको सेंसिटिव जोन के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में प्रदूषणयुक्त एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न करने वाले कार्यों जैसे वाणिज्यिक खनन, जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि प्रदूषण करने वाले उद्योग की स्थापना पर पूर्णत रोक लगायी गयी है। लेकिन स्थानीय लोगों के जीविकोपार्जन से संबंधित वाणिज्यिक होटल, रिसॉर्ट की स्थापना, समनिर्माण क्रियाकलाप, प्रदूषण न उत्पन्न करने वाले उद्योग, इको टूरिज्म कार्य आदि जैसे कुल उनतीस कार्यों पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं है।

### जनता की चिरप्रतीक्षित मांग को प्रमुखता से उठाया

बरवाडीह। मनिका विधानसभा क्षेत्र की जनता के चुने जाने के बाद से लगातार न केवल क्षेत्र के विकास के लिए, बल्कि लोगों के सुख-दुख में हमेशा तत्पर नजर आने वाले राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को विधानसभा में शून्यकाल के माध्यम से बरवाडीह प्रखंड को अनुमंडल और छिपादोहर पंचायत को प्रखंड बनाए जाने की जनता की चिरप्रतीक्षित मांग को प्रमुखता से उठाया है। विधायक ने सरकार के समक्ष बताया कि लातेहार जिले अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड जिसे वर्तमान में पुलिस अनुमंडल का दर्जा प्राप्त है, और भौगोलिक दृष्टिकोण से भी अनुमंडल बनाए जाने की सभी अहर्ताओं को पूरा करता है। विधानसभा क्षेत्र की जनता दशकों से बरवाडीह को अनुमंडल बनाने की मांग कर रही है।

## वन शक्ति मंदिर में विधायक वैद्यनाथ राम ने किया महाभंडारा का उद्घाटन

- धार्मिक आयोजनो से क्षेत्र में आती है शांति: वैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भंडारा का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के रूद-मूर्तिया स्थित वन शक्ति मंदिर परिसर में गुरूवार को मेसर्स चिंतापूर्णी इंटरप्राइजेज लातेहार द्वारा 8 वां वार्षिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, वरीय नेता सुदामा प्रसाद व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। उद्घाटन के उपरांत आसपास के ग्रामीण इलाकों के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए व भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में शांति व समृद्धि आती है साथ ही समाज मे एक जुटता भी आती है। लगातार 8 वर्षों से चिंतपूर्णी इंटरप्राइजेज का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी जितेंद्र पाठक के द्वारा विधिवत पूजन कराया गया, तत्पश्चात नौ कन्याओं व ब्राह्मणों को भोग लगाया गया। मौके पर मैसर्स चिंतापूर्णी इंटरप्राइजेज के लक्ष्मी प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, जय कुमार सिंह, युवा नेता अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, राजू यादव, चंदन कुमार, मनीष दास, दीपक कुमार, सोनू गुप्ता समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## लाइंस क्लब के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर में 31 मरीज मिले



नेत्र जांच शिविर में मौजूद टीम व जांच कराते लोग।

**चंदवा।** लायंस क्लब चंदवा के तत्वाधान में रविवार को चंदवा के रांची रोड स्थित साईं नर्सिंग होम परिसर में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निरामया अस्पताल कोकर रांची की मेडिकल टीम की देखरेख में प्रखंड में विभिन्न क्षेत्रों से आये लगभग 4 दर्जन लोगो के आंखों की जांच की गयी, शिविर में जांच के दौरान 31 मरीज पाए गए। क्लब के अध्यक्ष संदीप कनोडिया, सचिव निर्मल भारती ने बताया कि जल्द ही तिथि तय कर मोतियाबिंद के मिले मरीजों का निरामया अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा। इन्होंने आगे कहा कि लायन्स क्लब का प्रयास है कि समाज के ऐसे लोगो तक मदद पहुंचायी जाए जो आर्थिक विपन्नता के कारण परेशानी में हो। क्लब के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाया जा रहा है और यह आगे भी जारी रहेगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण दुबे उर्फ बबलू, मोहनीश कुमार, राहुल कुमार, साई नर्सिंग होम के कर्मियों ने अहम योगदान दिया।

## आने वाले कुछ दिनों में बचे हुए सभी सड़कों का कराया जायेगा निर्माण : बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सड़क निर्माण की आधारशिला रखते विधायक व अन्य।

**लातेहार।** लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ जिले अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सड़को के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। बता दें कि विधायक बैद्यनाथ राम की अनुशंसा पर इन सड़कों की स्वीकृति मिली है। जिसके बाद विधायक ने जिले अंतर्गत चटनाही में पीडब्ल्यूडी विभाग से बनने वाली बाजकुम आरईओ रोड, भाया नवोदय विद्यालय तक पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय लातेहार भाया मोंगर, तुरुडीह, निंदिर पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़कों की भूमिका अहम होती है, क्योंकि सड़के ही विकास का पैमाना होती है। कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में बचे हुए सड़को का निर्माण भी कराया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग, सुदामा प्रसाद, पंकज तिवारी, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, कौशल पाण्डेय, चन्दन कुमार, वीरेंद्र पाठक, दीपक कुमार, चंदन कुमार, कृष्णा प्रसाद, हनुमान अग्रवाल, दया पांडेय, रंजित कुमार, सुरेंद्र प्रसाद और महेन्द्र सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कामता पंसस अयूब खान ने कामता-सेरक पथ के विशेष मरम्मती कार्य में गुणवत्ता पर उठाया सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घटिया पत्थर को दिखाते पंसस।

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस वक्तब्य जारी कर झारखण्ड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा वित्त पोषित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत कामता से सेरक 12.500 किलो मीटर तक पथ के विशेष मरम्मति कार्य के कल्भर्ट पुलिया निर्माण में वन क्षेत्र के घटिया पत्थर का उपयोग किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जानकारी के बाद भी वन विभाग मौन धारण किए हुए हैं। अयूब खान ने कहा कि वन क्षेत्र से पत्थर का उत्खनन कर घटिया पत्थर के उपयोग कामता सेरक पथ मे होने से कल्भर्ट पुलिया काफी कमजोर बन रही है। जानकारी के बाद भी वन विभाग मौन धारण किए हुए हैं। कार्य की शुरूआत में ही यह हाल है तो आगे क्या होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। वन विभाग की नजर शिर्फ गरीबों पर ही रहती है, संवेदक के मामले जब आते हैं तो उसपर विभाग आंख बंद कर लेती है। निर्माण साईट में विभाग के जेई भी अनुपस्थित रहते हैं। कामता-सेरक पथ की मरम्मती कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने की मांग उपायुक्त गरिमा सिंह से किया है।

### क्या कहते हैं वन विभाग के अधिकारी

इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी एनके मेहता ने कहा अगर वन क्षेत्र से अवैध पत्थर का उपयोग हो रहा है तो इसकी जांच कराई जायेगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी। वहीं मामला सूचना होने के बाद भी चुप रहने के आरोप को निराधार व बेबुनियाद बताया।

# प्रजापति (कुम्हार) महासंघ का प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति व सचिव सोनू प्रजापति बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बरछिया मे झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले रविवार को अजित प्रजापति की अध्यक्षता मे प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय समेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के पूर्व प्रखंड स्तरीय कमिटी का पूर्णगठन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सम्मती से अध्यक्ष आनंद उपाध्यक्ष वैजनाथ प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, डॉ रणधीर प्रजापति ,सचिव सोनू प्रजापति, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति बनाए गए। मुख्य अतिथि के रूप में आए निवर्तमान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश युवा अध्यक्ष शंभू प्रजापति,पूर्व बालूमाथ जिला परिषद सदस्या नीरा देवी, लातेहार एडवोकेट रमन कुमार महतो ने सामाजिक और राजनीती चेतना जगाने की बात कही. साथ ही शिक्षा के प्रति अपने समाज मे प्रोत्साहित करने, नशामुक्त समाज बनाने, संवैधानिक कानून की जानकारी लेने, शिक्षा के साथ शिक्षित होने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा किया। वहीं महेंद्र प्रजापति, पंकज प्रजापति,भुनेश्वर प्रजापति, डाक्टर सुरेंद्र कुमार व गणमान्य बुधिजीजिवीयों ने भी अपने अपने संबोधन मे सामजिक परिवर्तन के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। इधर नव चयनित प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति, सचिव सोनु प्रजापति, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उपाध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति ने कहा की जो हमलोगों को सामाजिक दायित्व सौंपा गया है इसपर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में आए श्रीचंद प्रजापति ने बताया कि हम कुम्हारों का पुस्तैनी काम लुप्त होते जा रहा है। जिससे हमारे समाज का धरोहर हासिये पर खड़ा हो गया है। हम सब राज्य सरकार से मांग करेंगे की हमे रोजगार से जोड़ा जाये। तथा पीएम विश्वकर्मां योजना के तहत हमलोगो के हित में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे है महत्वकांक्षी योजना का हमारे समाज भी लाभ लने मे भागीदारी निभायें। एक जुटता और समानता का परिचय दे ताकि हमारी राजनीति भागीदारी सुनिश्चित हो सके। क्योंकि जिसका कोई नेता नहीं होता उसका कोई पहचान नहीं कुम्हार एक सृष्टि का निमार्ता है। हम रहे या ना रहे मेरा समाज रहना चाहिए. कुम्हार एकता जिंदाबाद का भी नारा लगाया। मौके पर राजेश प्रजापति, अयोध्या, दिलीप, संदीप, राकेश, अवध, नरेश,भीम, राजेंद्र, रविन्द्र, मनराज, सुरेश, प्रकाश, गुलशन, संदीप, पुनेश्वर, बिनेश्वर, रूपेश, पप्पू, कमलेश, खुसिलता देवी, नमिता देवी, खुशबू देवी, राधा देवी, रानी देवी तथा सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ सिद्धिविनायक संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा



**चंदवा।** शहर से सटे कानोडिया पेट्रोल पंप की गली में नव निर्मित सिद्धि विनायक संकट मोचन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुयी। विशाल भंडारा में चंदवा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए व प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन आचार्य पंडित अभिषेक द्विवेदी, पंडित आशीष मिश्रा, नीलम तिवारी व नीरज कुमार के सानिध्य में विधिवत पूजन व मंत्रोच्चार के बीच भगवान सूर्य नारायण, हनुमान व गणेश भगवान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा व हवन कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान जगन्नाथ जायसवाल, बंशी जायसवाल, राजकुमार जायसवाल सपत्नीक ने उनका साथ दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनाथ गुप्ता उर्फ रामबाबू, जगन्नाथ जायसवाल, अमोद कुमार/ विक्की शर्मा, राहुल कुमार, रामकुमार साहू, अमरदीप साहू, प्रमोद साहू, रूपेश जायसवाल, मनोज कुमार, बबलू कुमार, मोहनीश कुमार बिक्की, विकास मित्तल समेत कई लोग लगे हुए हैं।

### दिव्यांग को मिला ट्राई साईकल और प्रमाण पत्र



ट्राई साईकल देते बीडीओ व जिप सदस्य।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत अंतर्गत हेंदेहास की आदिम जनजाति परिवार की बसमतिया देवी की चार वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में पांव गवाने के बाद लंबे समय से दिव्यांग प्रमाण पत्र के साथ-साथ ट्राई साइकिल समेत अन्य सुविधा के लाभ से वंचित रहने के कारण परेशान थी और सरकारी कार्यालय का चक्कर काट रही थी। बसमतिया देवी ने अपनी समस्या को लेकर 28 फरवरी को जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर से मुलाकात कर सभी समस्याओं से अवगत कराया और समस्या दुर करने की मांग की। जिसके बाद संतोषी शेखर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरे मामले को ट्विटर के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से शिकायत करते हुए उक्त महिला को सभी सरकारी सुविधा दिलाने की मांग की। जिसके बाद सीएमओ ने तत्काल सज्ञान लेते हुए मामले पर जिले उपायुक्त को निर्देश जारी किया। वहीं शनिवार को उपायुक्त के निर्देश पर बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम से बसमतिया देवी का दिवंयाग प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए 24 घंटे के अंदर शनिवार की देर शाम प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिप सदस्य संतोषी शेखर के हाथो बसमतिया देवी को प्रमाण पत्र और ट्राई साईकल दिया गया। बता दें कि इस मामले को खबर मंत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### 103 लाभुकों को निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के पोखरी कला में संचालित ख्वाजा गरीब नवाज इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि आपूर्ति विभाग विवेक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत करते हुए प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत से आए 103 लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। जहां जिप सदस्य ने कहा कि देश के महिलाओं के सम्मान में प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई गई इस योजना का लाभ सम्मानपूर्वक देश की अंतिम महिला तक पहुंचने का लक्ष्य है। जिसमें केंद्र की सरकार पूरी तरह से सफल साबित हो रही है। वही गैस एजेंसी के संचालक हेसामुल कादरी ने कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंद सभी महिलाओं के बीच प्राथमिकता के साथ पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है, जिसको लेकर लगातार शिविर का भी आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर भाजपा नेत्री रुपाली सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, उप मुखिया सुल्तान अंसारी, दिलीप पासवान और सतीश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड का तेजी से हो रहा विकास : सीएम

**लातेहार को जल्द मिलेगा खुशखबरी**

**खबर मंत्र संवाददाता**



मुख्यमंत्री का स्वागत करते विधायक व अन्य।

**लातेहार।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन गढ़वा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जाने के दौरान रविवार को लातेहार परिषदन भवन में रुके। जहां जेएमएम के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड अलग बने 24 साल हो गए। जिसमें सबसे ज्यादा भाजपा का शासन रहा। उनके शासनकाल में भौगोलिक स्थिति को देखते हुए कार्य नहीं की गई है। लेकिन गठबंधन की सरकार बनने के बाद तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों की भौगोलिक स्थिति को जानते हुए विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लातेहार में डिग्री कॉलेज की पढ़ाई जल्द शुरू होगी। लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आप सभी को खुशखबरी मिलेगी। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्रीय सहायता मद (एसीए) की राशि लातेहार जिले में क्यों रोकी गई है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच कराई जाती है। लातेहार में कई कोल माइंस का संचालन हो रहा है, लेकिन यहां स्थानीय को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार देने की पहल पर कार्य कर रही है। स्थानीय को रोजगार नहीं दी जा रही है। तो इसकी जांच कराई जाएगी। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विधायक बैद्यनाथ राम, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, 20 सुत्री जिला उपाध्यक्ष अरूण दुबे, समसूल होदा, आफताब आलम, युवा नेता अंकित पांडेय, विशाल कुमार, पॉल एक्का, रिंकू कच्छप, गोपाल सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समाज में राजनीतिक व सामाजिक चेतना की जरूरत है : कन्हाई प्रसाद



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मंडल रोड स्थित सिंचाई विभाग अंतर्गत आईबी मैदान में रविवार को तैलिक साहू समाज की प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भोला साहू ने किया। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने शिरकत की। सम्मेलन की शुरूआत तेली साहू समाज के नेता और प्रखंड सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के द्वारा मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र और फूलमाला भेंट करके सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया गया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि हमारे समाज को व्यवसाय के साथ-साथ शिक्षा, खेल और राजनीती में आगे आने की जरूरत है।

## मृत लोगों के नाम से मनरेगा में 36 दिन काम का भुगतान पर हुई बड़ी कार्रवाई का निर्देश

### 15 दिनों के अंदर प्राथमिकी दर्ज करते हुए संविदा कर्मी को बर्खास्त करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के गणेशपुर ग्राम में अमरेश सिंह के पुत्र स्वर्गीय रामजय सिंह के नाम पर विभिन्न योजनाओं में फर्जी मास्टर रोल बनाकर राशि निकाले जाने का हिन्दी दैनिक समाचारपत्र खबर मंत्र ने 27 दिसंबर 2023 को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सरकार के अपर सचिव सैल प्रभा कुजूर ने मनरेगा लोकपाल से जांच कराई। जांच में भारी अनियमित पाए जाने पर सरकार के अपर सचिव ने लातेहार उपायुक्त को अपने पत्रांक 2/ 24 दिनांक 27/ 2/2024 को दिए गए निर्देश में 15 दिनों के अंदर कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि गणेशपुर के मनरेगा के तहत किये गए योजनाओं में मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी मास्टर रोल तैयार कर योजना राशि की अवैध निकासी हुई है जिसमें जांच के दौरान उपरोक्त आरोप सत्य पाया गया है। जांच में मनरेगा की पांच योजना में से एक भी ग्राम सभा में पारित नहीं है। मास्टर रोल पर फर्जी हस्ताक्षर कर योजना की राशि की निकासी की गई है। जिन पांच योजना में उक्त अवैध राशि निकाली की गई है उसमें एक योजना धरातल पर नहीं पाया गया है ।जबकि शेष चार योजना में आधा अधूरा कार्य पाया गया है। वही मापी पुस्तिका अनुपलब्ध पाया गया है जबकि प्राकलन के अनुसार कार्य नहीं किया गया है। योजना राशि के भुगतान के अनुरूप कार्य नहीं की गई है ।अभिलेख का विधिवत्त संधारण भी नहीं किया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि राशि गबन की नियत से कार्य किया गया है। जिसमें बीपीओ ,रोजगार सेवक, पंचायतसेवक ,मुखिया ,मेट , कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि की संपूर्ण संलिप्ता है। निर्देश में कहा गया कि सभी दोषियों से गबन की राशि की वसूली 12% ब्याज सहित तुरंत की जाए ।वही सरकारी राशि के गबन में शामिल सरकारी पदाधिकारी कर्मियों के विरोध निलंबन प्रक्रिया एवं आरोप पत्र प्रपत्र क गठन अथवा विभागीय कार्रवाई की जाए ।संविदा कर्मियों के संविदा रद्द करते हुए कार्रवाई की जाए। आपराधिक सत्यंत्र लापरवाही से संबंधित मामलों में विस्तृत सूचना के साथ प्राथमिक भी दर्ज की जाए एवं उपायुक्त,डीडीसी के स्तर पर बरिय पुलिस पदाधिकारी के साथ ऐसे मामलों का नियंत्रण अनुसंधान भी की जाए। निर्देश में 15 दिनों के अंदर दोषियों को विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभाग को अवगत कराने का निर्देश दिया है। सरकार के इस निर्देश से बालूमाथ प्रखंड में संलिपित पदाधिकारी,कर्मी, मुखिया एवं बिचौलिया के बीच हड़कंप व्याप्त है।

